हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 23 जून 2026

तापमान
अधिकतम 39 .1 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

12 भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं देती हैं हमें प्रेम, सेवा, त्याग और समर्पण का संदेश



12 योग का जीवन का अभिन्न अंग बनाएं छात्र



## खबर संक्षेप

### चोरों ने छह तोले सोना 780 ग्राम चांदी उड़ाई

**मुलाना।** डुलियाना में एक सूने मकान को निशाना बनाकर करीब 6 तोले सोने और 780 ग्राम चांदी के गहने व 50 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।चोरों ने घर के अंदर रखी दो अलमारियों के ताले तोड़ दिए थे। जांच करने पर पता चला कि चोरों ने अलमारियों में रखे करीब 6 तोले सोने और 780 ग्राम चांदी के कीमती गहने व 50 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। चोर गहनों की खाली डिब्बियां मौके पर ही छोड़ गए। पीड़ित अशोक के अनुसार, चोरी की गई 50 हजार रुपये की नकदी में से 40 हजार रुपये कमेटी के थे, जिसे उन्होंने घर में रखा हुआ था।

### चोरों ने दिन दहाड़े सूने घर से चुराई हजारों रुपये की टुंटिया

**यमुनानगर।** शहर के हुड्डा सेक्टर 17 में चोरों ने दिन दहाड़े सूने घर में घुस कर करीब 40 हजार रुपए कीमत की टुंटिया चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार हुड्डा सेक्टर 17 निवासी आकाश धीमान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 जून को वह दोपहर के समय किसी काम से घर से बाहर गया था। जब वह पौने चार बजे घर वापस लौटा तो घर में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर घर से बाथरूम, रसोई व अन्य जगहों पर लगी टुंटिया गायब मिली। जिनकी कीमत करीब 40 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

### रादौर में 23 जून तक नहीं खुलेंगी ज्वेलर्स की दुकानें

**रादौर।** स्वर्णकार एसोसिएशन रादौर द्वारा कस्बा में 23 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करके दुकानें बंद करने का निर्णय लिया है। अब रादौर कस्बा में 24 जून को स्वर्णकारों की दुकानें खुलेंगी। एसोसिएशन के प्रधान पवन वर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी स्वर्णकार एसोसिएशन की ओर से ग्रीष्मकालीन अवकाश को लेकर सभी स्वर्णकारों की 23 जून तक कस्बा में दुकाने बंद रहेंगी। इस दौरान स्वर्णकार अपने परिवारों के साथ भ्रमण के लिए जा रहे हैं।

### सड़क हादसे में किसान की मौत

**कुरुक्षेत्र।** लाडवा में इंद्री रोड पर हुए एक्सीडेंट में किसान की मौत हो गई। हादसे में किसान के सिर में ज्यादा चोट लगी थी। पहले उसे लाडवा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से कुरुक्षेत्र और फिर पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान किसान ने दम तोड़ दिया। मृतक किसान की पहचान राजबीर (57) निवासी गोबिंद गढ़ के रूप में हुई। राजबीर सुबह बाइक पर अपने खेत से घर लौट रहा था। इस दौरान उसकी बाइक को कार ने टक्कर मार दी। राजबीर का इकलौता बेटा विनोद कुमार साउदी अरब गया है। उसे घटना की सूचना दी गई है।ोबिंदगढ़ गांव के पूर्व सरपंच राजबीर सिंह ने बताया कि वे सुबह करीब 8 बजे वह बड़ौदी गांव के पास इंद्री-लाडवा रोड पर पेट्रोल पंप के पास खड़ा था।

### युवक पर हमला कर किया जान से मारने का प्रयास

**यमुनानगर।** गांव हाफिजपुर में काम से घर लौट रहे युवक पर तलवार व गंडासी से हमला कर उसे जान से करने का प्रयास किया। गंभीर रूप से घायल युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपी युवकों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव जगुडी निवासी अमरनाथ ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले सुनील व आर्यन के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था।

---

### अंबाला में पुराने ठेकेदार ने उठाए सवाल, जांच के बीच नया टेंडर जारी

# 100 बेड रेस्पिरेटरी सेंटर निर्माण फिर अटका, नए टेंडर पर विवाद गहराया

*24.58 करोड़ रुपये की योजना के निर्माण में एजेंसी ने विभागीय अधिकारियों पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप, मुख्य अभियंता को शिकायत भेजकर खोली पोल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

अंबाला शहर में बनने वाले 100 बैड के रेस्पिरेटरी डिजीज कंट्रोल सेंटर के निर्माण में फिर पेंच फंसता दिख रहा है। सेंटर में टीबी और छाती समेत कई गंभीर रोगों के उपचार की सुविधा होगी। सेंटर के अधर में लटके निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने दोबारा टेंडर तो जारी कर दिया लेकिन पहले काम कर रहे ठेकेदार ने इस पर कड़ा ऐतराज जताते हुए विभागीय अधिकारियों को शिकायत भी भेजी है। इस पूरे प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत करीब 24.58 करोड़ रुपये आंकी गई है। नए टेंडर में विभाग ने काम पूरा करने के लिए 24 महीने की समय सीमा तय की है। पुराने ठेकेदार ने विभागीय अधिकारियों पर मनमाने तरीके से ठेका रद्द करने का आरोप लगाते हुए मुख्य अभियंता को ठोस साक्ष्य भेजने का भी दावा किया है। मुख्य अभियंता ने आरोपों की जांच के निर्देश दिए हैं। हालांकि निर्देश के बावजूद विभाग ने दोबारा टेंडर जारी कर दिया। इस वजह से योजना का निर्माण फिर लटकता नजर आ रहा है। जनवरी 2026 में लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेका रद्द किए जाने के बाद, संबंधित निर्माण एजेंसी श्री रामजी दास बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड ने विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ को एक विस्तृत पत्र भेजकर अपना पक्ष रखा है। एजेंसी ने साफ कहा है कि परियोजना में हुई देरी के लिए सिर्फ वे अकेले जिम्मेदार नहीं हैं, बल्कि विभाग की ढिलाई और नियमों के उल्लंघन ने भी काम की रफ्तार पर ब्रेक लगाया।



**अंबाला।** सेंटर का अधर में लटका कार्य।

#### विभागीय लापरवाही से रुका काम, ठेकेदार का दावा

ठेकेदार धर्मेश सूद ने बताया कि उनकी कंपनी को काम का अलॉटमेंट 18 अगस्त 2023 को हुआ था। लेकिन साइट पर एक पुरानी बिल्डिंग खड़ी थी जिसे खाली कराकर गिराया जाना था। विभाग ने नवंबर 2023 में बिल्डिंग खाली की, जिससे शुरुआत में ही करीब 3 महीने की देरी हो गई। साइट पर मौजूद पेड़ों को काटने के लिए वन विभाग से मंजूरी मिलने में लंबा समय लगा। 15 फरवरी 2024 को वन विभाग से क्लीयरेंस मिलने के बाद ही पेड़ हटाए जा सके, जिससे अगले 3 महीने का काम प्रभावित हुआ। अनुबंध के नियम 21.1 के तहत विभाग को शुरुआत में कम से कम 75 प्रतिशत बाधा-मुक्त साइट देनी थी जो नहीं दी गई। सूद ने कहा कि विभागीय अधिकारियों ने लापरवाही का आरोप लगाकर टेंडर को कैंसिल किया है जबकि पूरी लापरवाही विभाग की ओर से बरती गई है। लापरवाह अधिकारी कार्रवाई से बचने के लिए अब नया टेंडर लगाकर बचने की कोशिश कर रहे हैं। ठेकेदार ने कहा कि अगर उसकी शिकायत पर कार्रवाई न हुई तो वह कानूनी प्रक्रिया को भी अपनाने से पीछे नहीं हटेंगे।

1. पुरानी बिल्डिंग खाली कराने और पेड़ कटाई की मंजूरी में करीब 6 महीने का विलंब
2. सेंटर में टीबी, सीओपीडी, निमोनिया, कोविड व अन्य श्वसन रोगों का होगा इलाज

#### मरीजो को मिलेंगी बेहतर सुविधा

यहां बनने वाले प्रदेश के पहले रेस्पिरेटरी डिजीज कंट्रोल सेंटर में मरीजों को सांस व हृदय संबंधी बीमारियों दमा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी), निमोनिया, आईएलडी, टीबी, कोविड, जीका से पीड़ित रोगियों का बेहतर इलाज होगा। इस सेंटर की कैपिसिटी शुरुआत में 100 बेड रहेगी। यह सेंटर 5 मंजिला होगा। इसमें टीबी, एमडीआर टीबी एड्स, पल्मोनरी डिजीज के लिए अलग-अलग आईसीयू व सीसीयू होंगे। इसी प्रकार सभी बीमारियों के लिए पुरुषों व महिलाओं के वार्ड भी अलग होंगे। दो एकड़ में बनने वाला यह सेंटर पुराने टीबी अस्पताल के भवन को ढहाकर बनाया जा रहा है। सेंटर मेंमें टीबी क्लीनिक, एमडीआर टीबी क्लीनिक, पोस्टर ट्यूबरक्यूलर टीबी क्लीनिक, आईएलडी क्लीनिक, ज्यूनोटिक डिजिसिस क्लीनिक, जनरल हृदय ओपीडी, लंग कैंसर क्लीनिक, एआरटी क्लीनिक, एलर्जी एंड इम्यूनोथेरेपी क्लीनिक, टबैको सीसेशन क्लीनिक, स्लीप लैब, ईएनटी क्लीनिक, ऑडियोमेट्री क्लीनिक, एचआईवी काउंसिलिंग सेंटर, फिजियोथेरेपी रूम एवं अन्य ओपीडी होंगी। यहां स्टेट ऑफ आर्ट प्रयोगशाला बनाई जाएगी जहां 24 घंटे के भीतर ही सैंपल रिपोर्ट तैयार होगी।

---

## युवक से बरामद की पांच किलो 177 ग्राम गांजा फूल पत्ती



**यमुनानगर।** की स्पेशल सेल टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक।

- आरोपी पर केस दर्ज कर शुरू की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

जिला पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने जगाधरी स्थित गुडविल धर्म कांटे के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच किलो 177 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार स्पेशल सेल टीम के इंचार्ज रमन चंदेल ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक गुडविल धर्म कांटा जगाधरी के पास नशीले पदार्थ के साथ घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक गुरदयाल सिंह, जसविंदर सिंह, एएसआई कुलदीप सिंह, सिपाही रजनीश, दिनेश की टीम का गठन किया गया। टीम मौके पर जाकर एक युवक को काबू किया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ प्रबीन कपिल को बुलाया गया। जिसके सामने आरोपी की तलाशी ली तो उसके कब्जे से पांच किलो 177 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद हुआ। पूछताछ पर आरोपी की पहचान रामनगर जगाधरी निवासी रोहित उर्फ आर्यन पुत्र बलदेव के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया।

## नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपी गिरफ्तार, 10 ग्राम हैरोइन बरामद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने ऑपरेशन मैदान-2 के तहत नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-लाडवा की टीम ने ऑपरेशन मैदान-2 के तहत नशीला पदार्थ रखने के आरोपी दीपक कुमार वासी विकास नगर बुढा रोड लाडवा जिला कुरुक्षेत्र व लवप्रीत सिंह उर्फ कैनस वासी कृष्णा कालोनी लाडवा जिला कुरूक्षेत्र को गिरफ्तार करके 10 ग्राम हैरोईन/चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 20 जून को अपराध अन्वेषण शाखा-लाडवा की टीम को सूचना मिली कि दीपक कुमार वासी विकास नगर बुढा रोड लाडवा जिला कुरुक्षेत्र मादक पदार्थ बेचने तथा मादक पदार्थ की तस्करी करने का कार्य करता है। यदि दीपक कुमार के मकान की तलाशी ली जाये तो उसके मकान से भारी मात्रा मे मादक पदार्थ या अवैध रुप से अर्जित सम्पत्ति बरामद हो सकती है। सूचना पर अपराध अन्वेषण शाखा-लाडवा प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के मार्ग निर्देश में उप निरीक्षक सुदेश कुमार, सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार, सिपाही सचिन, सिपाही अमित कुमार, होम गार्ड कुलदीप सिंह व गाडी चालक मुख्य सिपाही संदीप कुमार की टीम का गठन करके विकास नगर बुढा रोड लाडवा जिला कुरुक्षेत्र पहुंची।

---

## तरावड़ी के वार्ड नं. 2 में नालियां जाम होने से गंदा पानी सड़कों पर, लोगों के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। तरावड़ी

- नालियों पर लगे लोहे के जाल गायब

तरावड़ी के वार्ड नं. 2 के मुख्य मार्ग पर नालियों के जाम होने की वजह से गंदा पानी सडक़ पर ओवरफ्लो होने से शहर के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गालियों की मुख्य नालियां जाम होने से सड़क पर गंदा पानी जमा होने के कारण राहगीरों, और गली के लोगो का निकलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि काफी समय से नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। वार्ड वासियों के अनुसार सुबह और शाम के समय सड़क पर पानी भर जाने से सबसे ज्यादा दिक्कत बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को होती है। वहीं सड़क पर फैली गंदगी और बदबू से आसपास के लोगों का जीना दूभर हो गया है। लोगों ने आशंका जताई कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो बरसात के दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। नालियों के कई जाल गायब है। जोकि बुर्जुग महिलाओं एवं बच्चों के खतरा बने हुये है।

वार्ड के डैविड, काकू, दिनेश, हैप्पी, पंकज कुमार, नरेन्द्र कुमार, शन्टी शर्मा, ओमप्रकाश, का कहना है कि कई बार नगर पालिका अधिकारियों को शिकायत देने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। नालियों में जमा कचरा और गाद के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही है, जिससे गंदा पानी सडक़ पर बह रहा है। इसके चलते क्षेत्र में मच्छरों की संख्या भी बढ़ रही है और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। वार्डवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नालियों की सफाई करवाई जाए और पानी निकासी की उचित व्यवस्था की जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।





**तरावड़ी।** गली मे ओवरफ्लो होती नालियों के कारण सडक़ पर फैला गंदा पानी, व नालियों से जाल गायब होने से ईंटो ढके हुये।

## केवाईसी अपडेट करने वाली कॉल से रहें सावधान

- संदिग्ध कॉल या मैसेज पर विश्वास न करें, किसी भी प्रकार की बैंकिंग जानकारी सांझा करने से बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

पानीपत पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरूद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे केवाईसी अपडेट करने के नाम पर हो रही साइबर ठगी से सावधान रहें। साइबर ठग अपराध करने के नए नए तरिके अपनाकर लोगों के साथ ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे है। साइबर ठग अब केवाईसी अपडेट के नाम पर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे है। वहीं, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि साइबर ठग स्वयं को बैंक अधिकारी के रूप में प्रस्तुत करते है और फर्जी एसएमएस, कॉल या ई मेल कर यह कहते है कि यदि आपने अभी केवाईसी अपडेट नहीं कराया तो आपका खाता ब्लाक हो जाएगा। साइबर ठग केवाईसी अपडेट के बहाने लोगों से बैंक, यूपीआई और वॉलेट खातों की संवेदनशील जानकारी लेते है। फिर आगे की प्रक्रिया के बहाने ओटीपी नंबर लेकर बैंक खाते से रूपए निकाल लेते है। नागरिकों को ठगी का तब पता चलता है, जब उन्हें निकासी का मैसेज आता है।



**पानीपत।** पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह।

#### ये सावधानी बरते

ऐसे कॉल या मैसेज आने पर शांत रहें, कोई जानकारी सांझा न करें। बैंक में जाकर ही केवाईसी कराए। बैंक डिटेल्स, पासवर्ड, ओटीपी या पिन किसी से भी सांझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। वहीं, ठगी का शिकार होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें। वेबसाइट पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें। नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर क्राइम थाना में रिपोर्ट दर्ज कराएं। इधर, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कोई भी बैंक या अधिकृत संस्था ओटीपी, पासवर्ड, या यूपीआई पिन नहीं मांगती। खाते से संबंधित कोई भी जानकारी बैंक जाकर प्राप्त करें। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि साइबर ठगी से बचने के लिए सतर्क और जागरूक रहें। आपकी सावधानी ही आपकी सुरक्षा है।

---

### होटल में रिसेप्शनिस्ट को बंधक बनाकर मारपीट करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** थाना शहर यमुनानगर की पुलिस टीम ने होटल में रिसेप्शनिस्ट को बंधक बनाकर बेरहमी से मार पीट करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आजादनगर निवासी गोपाल ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह संतपुरा रोड स्थित डाउन टाउन होटल में रिसेप्शनिस्ट का कार्य करता है। 16 जून की रात करीब 10 बजे वह होटल में था। तभी वहां पर आजादनगर निवासी उमित गुप्ता, आगेश व भाटियानगर निवासी शिवम तनूजा आए। आते ही हमलावरों ने बेल्ट निकालकर पीटना शुरू कर दिया। आरोपियों ने उसे होटल के ही कमरे में बंधक बना लिया। उसके कपड़े उतरवाएं और उसके ऊपर थूका। आरोपियों ने घटनाक्रम की वीडियो भी बनाई। आरोपी उमित गुप्ता के साथ पहले भी झगड़ा हो चुका है। जिसमें कोर्ट में केस चल रहा है। इस शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी उमित गुप्ता व आगेश को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके साथियों की तलाश की जा रही है। उन्हें भी जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत

**यमुनानगर।** यमुनानगर के पुराना सहारनपुर रोड पर सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में 26 वर्षीय दूध विक्रेता की मौत हो गई। अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया, हालांकि पुलिस ने बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक गांव ढीके निवासी आदिल (26) रोजाना की तरह सुबह बाइक पर दूध बेचने के लिए निकला था। बताया जा रहा है कि आदिल पुराना सहारनपुर रोड से गुजर रहा था। दोपहर को लौटते हुए करीब ढाई बजे तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भयावह था कि आदिल ट्रक के पहिए के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इसी बीच ट्रक चालक मौके से फरार हो गया और ट्रक को वहीं छोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस चौकी हमीदा की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।बताया जा रहा है कि हादसे के समय आदिल के चाचा भी दूसरी बाइक पर उसके पीछे आ रहे थे। जैसे ही उन्हें हादसे का पता चला, वह तुरंत मौके पर पहुंचे। भतीजे की हालत देखकर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस चौकी इंचार्ज शमशेर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सीएम ने कुरुक्षेत्र को दी विकास और विरासत की ऐतिहासिक सौगातें : सुभाष सुधा

## गुरु रविदास भवन व म्यूजियम बनाने की मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष सुधा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा कुरुक्षेत्र के लिए स्वीकृत दो महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी परियोजनाओं पर उनका हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय कुरुक्षेत्र के सर्वांगीण विकास, सांस्कृतिक संरक्षण तथा स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र में गुरु रविदास भवन और म्यूजियम बनाने की मंजूरी दी है। इसे सिख म्यूजियम की तर्ज पर तैयार किया जाएगा। यह प्रोजेक्ट लगभग 24 महीनों में 76.60 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से पूरा हो जाएगा। यह सुविधा आस्था और सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी और कंस्ट्रक्शन की क्वालिटी से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।



#### 465 करोड़ की परियोजना से स्वास्थ्य सेवाएं होंगी मजबूत

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा कृष्णा आयुष यूनिवर्सिटी में अत्याधुनिक आयुष हॉस्पिटल की स्थापना को स्वीकृति देना एक दूरदर्शी निर्णय है। कृष्णा आयुष यूनिवर्सिटी में एक आयुष हॉस्पिटल बनाने को भी मंजूरी दी। इस प्रोजेक्ट पर लगभग 465 करोड़ रुपये का अनुमानित खर्च आएगा। इस परियोजना के माध्यम से आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा तथा भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को नई मजबूती मिलेगी। इससे न केवल प्रदेश के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी, बल्कि कुरुक्षेत्र राष्ट्रीय स्तर पर आयुष चिकित्सा एवं अनुसंधान के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित होगा। लगभग 465 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह अत्याधुनिक आयुष हॉस्पिटल का कार्य जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा।

## एसआईआर कार्य में लगे टीचरों ने जड़ा मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप

# अध्यापकों का प्रदर्शन, बोले- हम पर बना रहे अनावश्यक दबाव, दे रहे निलंबन की धमकी

### हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

### प्रदर्शनकारियों ने कहा- निर्धारित एक माह का समय पर्याप्त नहीं, हमें और मोहलत दी जाए


यमुनानगर। जिला सचिवालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करते हुए अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ) से जुड़े अध्यापकों ने सोमवार को एसआईआर कार्य में लगे शिक्षकों पर अनावश्य दबाव डालने के विरोध में जिला सचिवालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान अध्यापकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अपना रोष जताया। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर बीएलओ पर अनावश्यक दबाव नहीं डालने की मांग की।

उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर अधिकारियों द्वारा एफआईआर दर्ज करवाने तथा निलंबन की धमकियां देकर मानसिक दबाव बनाया जा रहा है। जिससे काम जल्दी होने के की बजाय देरी हो रही है।

सोमवार सुबह हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ से जुडे सैंकड़ो अध्यापक जिला प्रधान संजय कांबोज व जिला सचिव दिनेश तंवर के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष पहुंच गए और धरना पर बैठ कर प्रदर्शन करने लगे।

काफी देर धरना प्रदर्शन करने के बाद प्रदर्शनकारियों ने जिला सचिवालय पहुंचकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर एसआईआर कार्य की समय अवधि बढ़ाए जाने की मांग की। मौके पर संघ के जिला प्रधान संजय कांबोज ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा विभिन्न राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान चलाया जा रहा है। हरियाणा में भी हजारों कर्मचारियों की ड्यूटियां बीएलओ एवं सुपरवाइजर के रूप में लगाई गई हैं। जिनमें अधिकांश अध्यापक हैं।

उन्होंने बताया कि बीएलओ को घर घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करने, उन्हें दो प्रतियों में भरवाकर वापस प्राप्त करने, वितरण प्रक्रिया का ऑनलाइन रिकॉर्ड दर्ज करने, अलग रजिस्टर तैयार कर मतदाताओं के हस्ताक्षर लेने तथा प्राप्त प्रपत्रों को स्कैन कर ऑनलाइन अपलोड करने जैसे कार्य करने पड़ रहे हैं। यह पूरा कार्य अत्यंत समय साध्य एवं श्रमसाध्य है। एक एक प्रपत्र को स्कैन और अपलोड करने में काफी समय लगता है।

उन्होंने कहा कि कार्य की व्यापकता को देखते हुए इसके लिए निर्धारित एक माह की अवधि भी पर्याप्त नहीं है। इसके लिए समय सीमा बढ़ाने की जरूररत है। लेकिन इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। चार पांच दिनों के भीतर सभी गणना प्रपत्र वितरित करने के लक्ष्य दिए जा रहे हैं तथा दिन में कई बार गूगल शीट के माध्यम से प्रगति रिपोर्ट मांगी जा रही है।

#### अधिकांश मतदाता नहीं भर पा रहे गणना प्रपत्र

जिला प्रधान संजय कांबोज ने कहा कि अधिकांश मतदाता गणना प्रपत्र स्वयं भरने में सक्षम नहीं हैं। यदि वे स्वयं प्रपत्र भरते हैं तो त्रुटियों की संभावना बनी रहती है। परिणामस्वरूप यह कार्य भी बीएलओ को ही करना पड़ रहा है। बिना किसी सहायक कर्मचारी अथवा तकनीकी सहयोग के एक अकेले बीएलओ के लिए इतना व्यापक कार्य करना अत्यंत कठिन है। प्रपत्रों की ऑनलाइन प्रविष्टि, स्कैनिंग और अपलोडिंग के लिए भी कोई तकनीकी सहायता उपलब्ध नहीं करवाई गई है। उन्होंने एसआईआर के कार्य की समय सीमा बढ़ाए जाने और अनावश्यक दबाव नहीं डालने की मांग की।



## मताधिकार नागरिक का सबसे बड़ा अधिकार

**यमुनानगर।** जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एसआईआर को लेकर सोमवार को जगाधरी वर्कशाप मार्ग पर स्थित पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी के कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष नरपाल सिंह गुज्जर व विधानसभा यमुनानगर के पार्टी के पूर्व प्रत्याशी रहे रमन त्यागी ने विशिष्ठ अतिथि के रुप में भाग लिया। विशिष्ठ अतिथि एवं कांग्रेस यमुनानगर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी रहे रमन त्यागी ने कहा कि लोकतंत्र में वोट का अधिकार प्रत्येक नागरिक का सबसे बड़ा अधिकार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आहवान किया कि एसआईआर के दौरान किसी भी पात्र व्यक्ति की वोट बिना उचित कारण के नहीं काटी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के पास आधार कार्ड व अन्य आवश्यक दस्तावेज मौजूद हैं। उनकी वोट सुरक्षित रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वोट केवल एक अधिकार ही नहीं बल्कि लोकतंत्र की ताकत है। प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को सही और पारदर्शी तरीके से डेटा अपलोड करना चाहिए ।ताकि किसी भी व्यक्ति को परेशानी का सामना न करना पड़े। मौके पर कांग्रेस के ग्रामीण के जिला अध्यक्ष नरपाल सिंह गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से हटाया जाता है तो यह उसके अधिकारों का हनन होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी अपील की कि वे गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक करें और यह सुनिश्चित करें कि जिन लोगों के पास आवश्यक दस्तावेज हैं उनका नाम मतदाता सूची में बना रहे। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने बताया कि जिले में कई स्थानों पर लोगों को वोट संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमन त्यागी ने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज को मजबूती से उठाएगी।

### किसी भी कीमत पर शहर में न हो जलभराव

# जितनी जरूरत हो कर्मी लगाएं पर नाले हर हाल में पूरी तरह साफ हों

### मेयर सुमन बहमनी ने सफाई कार्य में लगी एजेंसी को दिए सख्त निर्देश

### जलभराव हुआ तो अफसरों व कर्मियों पर एक्शन, रोकेंगे एजेंसी का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर


यमुनानगर। निगम कार्यालय में आयोजित सफाई एजेंसी के पदाधिकारियों व पार्षदों की बैठक में दिशा निर्देश देतीं मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

ट्विन सिटी(यमुनानगर जगाधरी) को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने और मानसून से निपटने की तैयारियों को लेकर सोमवार को मेयर कार्यालय में सफाई कार्य में लगी एजेंसी के अधिकारियों, पार्षदों व निगम कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मेयर सुमन बहमनी ने की।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि पिछली बार बारिश के दौरान शहर में जलभराव के जो हालात बने थे। वह इस बार नहीं बनने चाहिए। यदि इस बार नालों की सफाई में लापरवाही के कारण शहरवासियों के घरों में जलभराव हुआ तो न केवल संबंधित अधिकारी व कर्मचारी पर कार्रवाई होगी। बल्कि सफाई एजेंसी का भुगतान भी रोक दिया जाएगा। इसकी पूरी रिपोर्ट भी निदेशालय को भेजी जाएगी। मेयर सुमन बहमनी ने वार्ड पार्षदों से उनके क्षेत्रों के नालों की वर्तमान स्थिति और सफाई व्यवस्था का फीडबैक ली। बैठक में पार्षद विभोर पाहुजा, संदीप धीमान, विक्रम राणा, हरजीत आनंद, दीक्षित कुमार, पार्षद प्रतिनिधि कृष्ण सिंगला व पवन यादव ने अपने अपने वार्डों के नालों की वर्तमान स्थिति बताई। मेयर ने सफाई एजेंसी के पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि जितनी जरूरत हो उतनी कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर नालों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया जाए। जिन नालों की सफाई अभी तक शुरू नहीं हो पाई है। उन्हें प्राथमिकता के आधार पर साफ किया जाए। इसके साथ ही बड़े नालों के साथ.साथ छोटे नालों की सफाई भी तुरंत प्रभाव से कराई जाए। बैठक में सहायक अभियंता सुरेंद्र दहिया, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, विनोद बेनीवाल, कनिष्ठ अभियंता हरेंद्र सिंह व अजय कुमार आदि ने अपने अपने क्षेत्रों में नालों की सफाई के बारे में जानकारी दी। वहीं, मौके पर मौजूद अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार व कार्यकारी अभियंता हरीश कुमार ने निगम द्वारा करवाई जा रही नालों की सफाई की जानकारी दी।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 170 मरीजों की जांची सेहत

**यमुनानगर।** जनकल्याण सेवा मंच के तत्वावधान में सोमवार को शहर के कैंप में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 170 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाइयां वितरित की गई। शिविर का शुभारंभ मंच के संयोजक सतबीर सिंह ने किया। शिविर में डॉ. राजीव के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने 170 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाईयां वितरित की गई। इस दौरान अधिकांश मरीज मलेरिया, खांसी व पेट के रोगों से पीड़ति पाए गए। जिन्हें मौके पर दवाइयां दी गई। मौके पर मंच के संयोजक सतबीर सिंह ने कहा कि मनुष्य के स्वास्थ्य पर ही उनका जीवन निर्भर करता है। मनुष्य का स्वास्थ्य जीतना सही होगा उनका जीवन उतना ही लंबा होगा। मंच द्वारा समय समय पर लगाए जाने वाले इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर लोगों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहे हैं।

## ऑनलाइन सम्मेलन में किया काव्य रस का पान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर




सत्यार्थ ग्रुप आफ इंडिया रादौर के तत्वावधान में सोमवार को संगीतमय भजन संध्या एवं कवि विषय पर सातवें सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कवियों ने अपनी कविता के माध्यम से सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सत्यार्थ ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. सौरभ आर्य व मुख्य संरक्षक सुशील भाटिया चंडीगढ़ द्वारा किया गया। आनलाइन सम्मेलन में नेपाल, नेरोबी, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार व राजस्थान से गीतकार, संगीतकार, गायक, कवि व कवियत्रियों ने आनलाइन जुड़कर काव्यपाठ के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए।

सम्मेलन के आयोजक एवं सत्यार्थ ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. सौरभ आर्य ने अपनी काव्यात्मक सत्यार्थ रचना सुना है..प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने सभी अतिथियों का सम्मेलन में जुड़ने के लिए आभार व्यक्त किया। मौके पर कवि आचार्य हेमंत ने अपनी कविता के माध्यम से सभी को भाव विभोर कर दिया।

## नशे की क्षणिक मस्ती से जिंदगी हो सकती है बर्बाद: गोयल

**यमुनानगर।** जिला पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में यातायात के नियमों की पालना करने व नशा मुक्त जीवन जीने के लिए अभियान चलाकर युवाओं व नागरिकों को जागरुक किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिलेवालियों व युवाओं को सड़क पर चलते समय यातायात के नियमों की पालना करने व नशा मुक्त जीवन जीने के लिए आहवान किया है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि क्षणिक मस्ती से जिंदगी बर्बाद हो सकती है। उन्होंने युवाओं और आम नागरिकों को एक सशक्त संदेश देते हुए नशे से दूर रहने और यातायात नियमों का पालन करने का अनुरोध किया है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि यातायात के नियमों की पालना करने व नशा मुक्त जीवन जीने के लिए लगों को जागरुक करने के लिए जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा अभियान चलाया हुआ है।

### जगाधरी मेटल उद्योग संचालकों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

# उद्योगपतियों ने बताई परेशानी, सीएम बोले- जल्द दूर कराएंगे

### हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल के नेतृत्व में चंडीगढ़ पहुंचे थे करोबारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर


यमुनानगर। जगाधरी के मेटल उद्योग के संचालकों का प्रतिनिधिमंडल पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जगाधरी मेटल उद्योग के संचालकों का प्रतिनिधिमंडल इंडस्ट्रीज में आ रही समस्याओं को लेकर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला।

इस दौरान मेटल उद्योग संचालकों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान जगाधरी मेटल उद्योग के संचालकों के प्रतिनिधिमंडल ने व्यापार से जुड़ी अपनी विभिन्न समस्याओं और चुनौतियों के बारे में अवगत करवाया। उद्योगपतियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बताया कि प्रदूषण विभाग व नगर निगम विभाग से एनओसी आदि लेने के लिए उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि मेटल उद्योग प्रदेश की अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए मेटल उद्योग में आ रही समस्याओं का समयबद्ध समाधान बेहद जरूरी है। मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जगाधरी मेटल इंडस्ट्री के संचालकों के प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि हरियाणा की भाजपा सरकार व्यापारियों और उद्योगपतियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

#### उद्योग जगत प्रदेश के विकास की रीढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उद्योगपतियों को आश्वासन दिया कि व्यापारी और उद्योग जगत प्रदेश के विकास की रीढ़ हैं। जगाधरी मेटल इंडस्ट्री व्यापारियों द्वारा उठाई गई सभी जायज मांगों और समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनके त्वरित निवारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर का उन्हें मुख्यमंत्री से मिलवाने व उनकी समस्याओं का समाधान करवाए जाने पर धन्यवाद दिया। प्रतिनिधिमंडल में मनोज गुप्ता, एपीएस भट्टी, अरूण मित्तल, कपिल गुप्ता,हंसराज बतरा,प्रशांत गर्ग,भारत गर्ग, डॉक्टर अशवनी गोयल व पवन सोनी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### बेसहारा घूम रहे गोवंश से नाचरौन निवासी परेशान

**रादौर।** रादौर क्षेत्र के गांव नाचरौन में दर्जनों की संख्या में घूम रहे गोवंशजो से ग्रामवासी परेशान हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बेसहारा गोवंशज गलियों, सड़कों व फिरनी समेत खेतों में घुसकर लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से नाचरौन में घूम रहे बेसहारा गोवंशजो को तुरंत पकड़े जाने की मांग की है। ग्रामीण साहब सिंह, कुलदीप सिंह, रविंद्र, बीएस चौहान, पवन कुमार व भोला आदि ने बताया कि नाचरौन व उसके आसपास के क्षेत्र में दर्जनों की संख्या में गोवंशज घूम रहे हैं। बेसहारा गोवंशज जहां नाचरौन में खेतों में फसलों में उत्पात मचा रहे हैं। वहीं, वह सड़कों, गलियों और फिरनी में घूमकर हादसों का कारण बन रहे हैं। आलम यह है कि ग्रामीण रात दिन बेसहारा गोवंशजों को लेकर अपने खेतों में पहरा देने पर मजबूर हो गए हैं। वहीं, अधिकांश गोवंशज राह चलते लोगों पर जानलेवा हमला करके उन्हें चोटिल कर रहे हैं।



### रादौर में विभिन्न स्थानों पर लगाई छबील

**रादौर।** रादौर में श्रद्धालुओं ने विभिन्न स्थानों पर मीठे ठंडे जल और जलजीरे की छबीलें लगाई गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने राहगिरों को मीठा ठंडा जल व जलजीरा पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। रादौर की ओड कालोनी में युवाओं ने सिंचाई विभाग के विश्रामगृह के पास मार्ग पर जलजीरे की छबील लगाकर हजारों राहगीरों की प्यास बुझाई। इस अवसर पर पार्षद राजीव आर्य सन्नी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने डिस्पोजल गिलासों का प्रयोग करते हुए स्वच्छता का विशेष ख्याल रखने के लिए आहवान किया। इस अवसर पर समाजसेवी हर्ष कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में कालोनी के सभी युवा मिलकर छबील लगाने का काम करते हैं। इस अवसर पर लीलू, चंद्र, नन्हाराम, राजन, मनोज, सुंदर सैनी, राहुल, नीरज, कमल, साहिल, सुमित, मुकेश, हेमराज, मुकेश, रोहित, दीपक, सुनील, अरूण, काला, गुलशन, प्रवीण अग्रवाल, रवि व सोनू आदि ने छबील पर राहगिरों को ठंडा जलजीरा वितरण करने में सहयोग किया। उधर, रादौर के समाजसेवी शैंकी झांब ने अपने साथियों के साथ मिलकर कस्बा के कालेज मार्ग पर ठंडे मीठे जल की छबील लगाई। इस अवसर पर समाजसेवी शैंकी झांब ने बताया कि गर्मी के मौसम में राहगिरों को ठंडा जल पिलाना पुण्य का काम है।



### भक्ति मार्ग पर चलने से सुखमय होता है जीवन

**यमुनानगर।** शहर के आजाद नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथाव्यास स्वामी गोबिंद शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भक्ति के मार्ग पर चलने के महत्व के बारे में समझाया। कथाव्यास स्वामी गोबिंद शास्त्री ने फरमाया कि आज मनुष्य अनेको परेशानियों से घिरा है। जिसका कारण है कि मानव ने भक्ति मार्ग को छोड़ दिया है। वह रात दिन अधिक धन कमाने व अपने जीवन को सुखमय बनाने की चाहत में दौड़ रहा है। मगर इसी दौड़ में वह अनेकों परेशानियों को झेलने के लिए विवश हो रहा है। शास्त्री ने फरमाया कि सृष्टि में जितने भी भौतिक संसाधन है। वे केवल मनुष्य की व्यवस्था है जो सुख नहीं दे सकती। क्योंकि धन से मनुष्य भौतिक सुख प्राप्त कर सकता है। मगर सत्य विचार नहीं प्राप्त कर सकता। अच्छे विचार हैं तो झोपड़ी में भी सुख है। यदि विचार व कर्म शास्त्रानुसार नहीं है तो महलों में भी सच्चा सुख व शान्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि जब स्वयं की ओर से किए गए कर्मों का अभिमान नष्ट होता है, तब रास होता है। रास का अर्थ पूर्ण समर्पण है। साधन तत्व का अभिमान छोड़कर जब मनुष्य ईश्वर की भक्ति से जुड़ जाते हैं तभी रास होता है। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, योगेश कुमार, सुखबीर सिंह, रामकरण, विजेंद्र व राजन आदि मौजूद रहे।



### समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निपटाएं

**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को लघु सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिवर में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी। मौके पर उन्हों अधिकांश समस्याओं का समाधान कर दिया। शेष बची समस्याओं का शीघ्र निवारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों के पास भेज दिया। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि समस्या समाधान शिविर में आठ शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें सुरेंद्र कुमार गोयल ने यमुनानगर से पौंटा साहिब की बस लगवाने बारे, हसदील सिंह ने डब्ल्यूसीडी बोर्ड द्वारा 12 महीने का किराया न देने बारे, रीना ने कानूनी कार्रवाई करने बारे, हरमिन्द्र ने बिजली का बिल भरने के बावजूद भी बिल दोबारा आने बारे, जगजीत सिंह ने बिजली बिल सही न आने बारे, सुखविन्द्र निवासी घिल्लोर ने फिरनी को सीधी करने बारे व नाजायज कब्जा हटवाने बारे व जीवनी देवी ने परिवार पहचान पत्र में बिजली का मीटर हटवाने बारे समस्याएं रखी। जिनमें से अधिकांश का मौके पर समाधान कर दिया। वहीं, शेष बची समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर उनका शीघ्र समाधान किए जाने के निर्देश दिए।




### रक्तदान शिविर में 107 यूनिट रक्त एकत्रित

**रादौर।** युवा खेल एवं रक्तदान संस्था रादौर द्वारा क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी भविष्य सैनी की ग्यारहवीं पुण्यातिथि पर कस्बा के आर्य समाज भवन में 22वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति सदस्य व सैनी समाज रादौर के प्रधान धनपत सैनी, भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र राणा, जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेड़ी, नपा चेयरमैन जनीश मेहता व सैनी समाज रादौर के सरंक्षक डॉ. बलदेव सैनी ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया । शिविर में स्वर्गीय भविष्य सैनी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। रक्तदान शिविर में चिकित्सकों द्वारा रक्तदाताओं से 107 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मौके पर भाजपा के जिला महासचिव नरेंद्र राणा ने कहा कि रक्तदान वह पुण्य कार्य है। जिससे न केवल किसी का जीवन बचाया जा सकता है। बल्कि आत्मिक शांति की भी अनुभूति होती है।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य शिविर में 58 लोगों ने करवाई जांच

**पिहोवा।** सांसद नवीन जिंदल के प्रयास से गांव असमानपुर और अरनैचा में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें लोगों के निशुल्क लैब टेस्ट करने के साथ-साथ उन्हें दवाइयां भी दी गई। डॉ. पूर्ण मल के नेतृत्व में नवीन जिंदल फाउंडेशन की टीम ने 58 लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल के प्रयास से स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को जागरुक किया जा रहा है।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 23 जून को सुबह 11 बजे नये लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्ण लाल पंवार करेंगे। इस बैठक में 11 एजेंडों पर सुनवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि 23 जून को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक को देखते हुए कोई भी अधिकारी अवकाश पर ना रहे और सभी विभागों के अध्यक्ष 10:45 बजे नया लघु सचिवालय के सभागार में पहुंचना सुनिश्चित करें।

### आग से सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल आज

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि लघु सचिवालय के सभी सरकारी भवनों में आग से सुरक्षा के संबंध में एक मॉक ड्रिल का आयोजन 23 जून को दोपहर 3 बजे किया जाएगा। सभी विभागाध्यक्ष अपने अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों मॉक ड्रिल में निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि इस मॉक ड्रिल में पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त उपायुक्त, नगरायुक्त, जिला परिषद के सीईओ, सिविल सर्जन, सहित सभी विभागाध्यक्षों को शामिल होना होगा।

### एन्यूमरेशन बांटने का 99% कार्य हुआ पूरा : राठी

**शाहबाद।** एसडीएम शंभू राठी ने कहा कि शाहाबाद विधानसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। शाहाबाद विधानसभा में अब तक एन्यूमरेशन बांटने का 99 फीसदी कार्य पूरा किया जा चुका है। इस कार्य के साथ ही एन्यूमरेशन फार्म को भर कर वापस लिया जाएगा। एसडीएम शंभू राठी ने सोमवार को बूथ संख्या 72, मेन बाजार, बूथ संख्या 73 में विशेष गहन पुनरीक्षण का निरीक्षण किया। नागरिकों के साथ बातचीत कर उनकी राय जानी और सुझावों को भी जाना।

## बीए, बीकॉम और बीसीए कोर्सेज बने सबसे पहली पसंद

# केयू में 9703 आवेदन से बढ़ी दाखिले की होड़, छात्रों में जबरदस्त उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



मिशन एडमिशन

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज के लिए विभिन्न स्नातक, ऑनर्स, इंटीग्रेटेड तथा विभिन्न विभागों के एईडीपी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। इन पाठ्यक्रमों में कुल 9703 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो विद्यार्थियों के बीच आईआईएचएस तथा एईडीपी प्रोग्राम्स की बढ़ती लोकप्रियता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति विश्वास को दर्शाते हैं। आईआईएचएस की प्राचार्या प्रो. रीटा ने बताया कि बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीए) सबसे अधिक मांग वाला पाठ्यक्रम रहा, जिसके लिए 1778 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के लिए 803, बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) के लिए 794, बैचलर ऑफ कॉमर्स (बी.कॉम.) के लिए 757 तथा बैचलर ऑफ लाइफ साइंस (मेडिकल) के लिए 688 आवेदन प्राप्त हुए हैं। विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा से जुड़े पाठ्यक्रमों में भी विद्यार्थियों ने विशेष रुचि दिखाई है। बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (नॉन-मेडिकल) के लिए 507, बी.एससी. विद मेजर इन कंप्यूटर साइंस ऑनर्स के लिए 408 तथा बी.एससी. विद मेजर इन फिजिक्स ऑनर्स के लिए 249 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रो. रीटा ने बताया कि कला एवं सामाजिक विज्ञान विषयों में बीए विद मेजर इन अंग्रेजी ऑनर्स के लिए 327, बीए विद मेजर इन मनोविज्ञान ऑनर्स के लिए 249, बीए विद मेजर इन इतिहास ऑनर्स के लिए 245, बीए विद मेजर इन अर्थशास्त्र ऑनर्स के लिए 186, बीए विद मेजर इन हिंदी ऑनर्स के लिए 150 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### इन पाठ्यक्रमों में भी दिखा रुझान

पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन पाठ्यक्रम के लिए 259 आवेदन आए हैं। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि रोजगारोन्मुखी एवं कौशल आधारित एईडीपी पाठ्यक्रमों में भी विद्यार्थियों का रुझान देखने को मिला। बैचलर ऑफ वोकेशन इन मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी के लिए 235 तथा बैचलर ऑफ साइंस इन रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन के लिए 216 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड एम.एससी. बायोटेक्नोलॉजी के लिए 222 आवेदन आए हैं। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप संचालित बहुविषयक, कौशल आधारित एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के कारण विद्यार्थियों का आकर्षण लगातार बढ़ रहा है।

# 5 जुलाई को स्वास्थ्य मंत्री आवास प्रदर्शन की तैयारी तेज

## मांगों के समाधान के लिए एमपीएचडब्ल्यू वर्ग आंदोलन की राह पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के पदाधिकारी।

बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन, कुरुक्षेत्र की बैठक जिला प्रधान सतीश कुमार की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में राज्य कार्यकारिणी से राज्य महासचिव सहदेव सांगवान तथा प्रदेश उपाध्यक्ष सुदेश देवी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष सुदेश देवी एवं राज्य महासचिव सहदेव आर्य ने संयुक्त प्रेस बयान जारी करते हुए बताया कि एमपीएचडब्ल्यू वर्ग की अनेक लंबित मांगों पर कार्रवाई न होने के कारण प्रदेशभर के लगभग 8,000 महिला एवं पुरुष बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारियों में भारी रोष है। इसी के चलते आगामी 5 जुलाई को स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर प्रस्तावित राज्यस्तरीय रोष प्रदर्शन की तैयारियों को तेज किया जा रहा है। इसी अभियान के प्रथम चरण के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आज राज्य कमेटी ने कुरुक्षेत्र पहुंचकर कर्मचारियों को संबोधित किया। सुदेश देवी ने कहा कि उन्होंने मांग की कि माननीय न्यायालय के आदेशानुसार एनएचएम में कार्यरत महिला एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों को नीति बनाकर नियमित किया जाए, कैडर को मूल वेतनमान एफपीएल-6 का लाभ दिया जाए तथा एमसीएच, ड्रेस एवं यात्रा भत्ते सहित आदि मांगें शामिल है।

## मुख्यमंत्री से मिला हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा का शिष्टमंडल



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के अध्यक्ष रामकुमार रंबा की अध्यक्षता में एक शिष्टमंडल चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सोमवार को मिला। शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री से प्रदेश में पिछड़ा वर्ग में खाली पड़े पदों को भरा जाने की मांग की। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण प्रथम श्रेणी व द्वितीय क्षेणी की नौकरियों व राजनीति में पूर्ण भागीदारी सभी जगहों देने के बारे अपील की गई। रंबा ने कहा कि प्रदेश में डबल की इंजन की सरकार की कार्यशैली से आमजन को लाभ मिल रहा है और लोगों तक हर योजना का लाभ सीधे पहुंच रहा है। इस शिष्टमंडल में प्रजापति जागरूक सभा के संरक्षक गोपी राम चौलिया के अलावा अन्य सदस्य मौजूद थे।

# दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध : कलसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

- एडिप योजना के तहत दिव्यांगजनों के लिए विशेष परीक्षण शिविर आयोजित, 43 लाभार्थी चयनित



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की एडिप योजना के तहत जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र, रेड क्रॉस सोसाइटी और भारतीय अंग निर्माण निगम के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष परीक्षण शिविर का आयोजन शाहाबाद स्थित श्रीशाकुम्भरी देवी मंदिर प्रांगण में किया गया। शिविर का शुभारंभ हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना, मंदिर सभा के प्रधान सुरेंद्र जैन तथा भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष सुपार्श्व जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुभाष कलसाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाये उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। एडिप योजना दिव्यांगजनों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव रमेश कुमार ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजनों की जांच की गई, जिसमें 43 दिव्यांगजन चयनित किए गए हैं।

# शिवम कंप्यूटर्स राजस्थान ने जीता खिताब

## ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग सीजन-2 में दिखाया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




समाना बहु क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग नॉर्थ जोन सीजन-2 का शनिवार को शानदार और यादगार समापन हुआ। 16 जून से 21 जून तक चले इस बहुप्रतीक्षित टूनार्मेंट में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की कुल 12 टीमों ने हिस्सा लेकर रोमांचक मुकाबलों का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में शिवम कंप्यूटर्स राजस्थान ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 21 लाख रुपये की इनामी राशि प्रदान की गई, जबकि उपविजेता रेड डेविल्स को 11 लाख रुपये का पुरस्कार मिला। टूनार्मेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी संग्राम सिंह को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया और उन्हें निसान कार देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए करण शेखावत को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं अंकित तिवारी को बेस्ट कैच ऑफ द टूनार्मेंट, विक्की कुमार को बेस्ट 35+ परफॉर्मिंग प्लेयर, आमिर सोहेल को बेस्ट फील्डर, यश चुघ को बेस्ट अंडर-19 इमर्जिंग प्लेयर, संग्राम सिंह को बेस्ट बॉलर एवं ऑलराउंडर ऑफ द टूनार्मेंट तथा गौरव (चाचा वॉरियर्स) को बेस्ट बैट्समैन ऑफ द टूनार्मेंट का पुरस्कार प्रदान किया गया। छह दिनों तक चले इस टूनार्मेंट ने उत्तर भारत के टेनिस क्रिकेट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच उपलब्ध कराया।

### टेनिस क्रिकेट को नई पहचान दिलाना उद्देश्य

*ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग के संस्थापक रवि गाबा और विनय हरिपुर ने बताया कि लीग का मुख्य उद्देश्य टेनिस क्रिकेट को नई पहचान दिलाना और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के अवसर प्रदान करना है। समापन समारोह में आयोजक मंडल के सदस्य रवि गाबा, सोमनाथ गाबा, विनय कम्बोज, गोबिंद कालड़ा, विजय पांचाल, राहुल शर्मा सोशल मीडिया इंचार्ज, शाहाबाद, प्रवीन पांचाल, रिंकू हथीरा, चेतन शर्मा, भूपिंद्र गोयत, प्रदीप संगरोहा, राजू हथीरा, धर्मवीर, डैनी मंडी और नीरज नोच सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।*




## रोटरी क्लब ने डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पुस्तकालय का किया उद्घाटन

**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहबाद मारकंडा द्वारा डी.ए.वी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के प्रधान रो. डॉ. आर. एस. घुम्मन ने रिबन काटकर पुस्तकालय का विधिवत उद्घाटन किया। रोटरी क्लब द्वारा विद्यालय को विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन हेतु 530 पुस्तकें तथा 3 पुस्तक रैक भी भेंट किए गए। इस अवसर पर रोटरी क्लब के प्रधान डॉ. आर. एस. घुम्मन ने कहा कि पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्थान की आत्मा होता है। पुस्तकें विद्यार्थियों को ज्ञान, संस्कार और जीवन में सही दिशा प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में भी पुस्तकों का महत्व कम नहीं हुआ है, बल्कि अच्छी पुस्तकों का अध्ययन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मित्र होती हैं, जो हर परिस्थिति में हमारा मार्गदर्शन करती हैं तथा ज्ञान और अनुभव के माध्यम से जीवन को नई दिशा प्रदान करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पुस्तकालय का उपयोग करने तथा अध्ययन की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब समाज सेवा के विभिन्न कार्यों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी निरंतर योगदान देता रहेगा।

# भारतीय योग संस्थान हरियाणा के संगठन मंत्री गुलशन ग्रोवर को सीएम ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत) रोहिणी, दिल्ली की हरियाणा प्रांत इकाई के संगठन मंत्री एवं प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर को योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने, जन मानस तक योग का प्रचार प्रसार करने, भारतीय योग संस्थान के कार्य को आगे बढ़ाने, हरियाणा योग आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेने, कई सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, शैक्षणिक, साहित्यिक, पत्रकारिता व अन्य कल्याणकारी क्षेत्रों में कार्य कर रही संस्थाओं में सक्रिय सहभागिता के लिए 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के पंचकूला में आयोजित भव्य राज्य स्तरीय समारोह में हरियाणा योग आयोग, पंचकूला की संस्तुति पर मुख्यमंत्री हरियाणा, नायब सिंह सैनी द्वारा स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा डॉ आरती राव व अन्य गणमान्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत प्रशस्ति पत्र में ग्रोवर के योग के क्षेत्र में सराहनीय योगदान तथा विशेष उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उनके प्रति साधुवाद व आभार का भाव प्रकट किया गया है। ग्रोवर पिछले 10 वर्षों से भारतीय योग संस्थान से जुड़कर योग शिक्षक, केंद्र प्रमुख, कार्यकारी जोन प्रधान, जिला उप प्रधान, प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता के रूप में संस्थान को निष्काम सेवा भाव से अपनी सेवाएं देते रहे हैं। वर्तमान में संस्थान द्वारा उन्हें प्रांतीय संगठन मंत्री एवं प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता का दोहरा प्रभार दिया गया है जिसे वह बखूबी निभा रहे हैं।




## कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् की एक इकाई, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बड़े उत्साह एवं सहभागिता के साथ किया गया। इस अवसर पर केन्द्र के अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा आगंतुकों ने योगाभ्यास में भाग लेकर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ मनीष कुकरेजा, योग प्रशिक्षक, हरियाणा योग आयोग द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया तथा योग के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने योग के विभिन्न स्वरूपों जैसे अष्टांग योग, हठ योग, राजयोग, कर्म योग, ज्ञान योग एवं भक्ति योग के बारे में भी जानकारी दी तथा बताया कि ये सभी योग पद्धतियाँ व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रतिभागियों के साथ हास्य योग का भी अभ्यास करवाया, जिससे वातावरण आनंदमय एवं उत्साहपूर्ण बन गया। उन्होंने बताया कि हास्य योग तनाव को कम करने, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का एक प्रभावी माध्यम है।

# जीवों के प्रति संवेदनशीलता हमारी सामूहिक जिम्मेदारी : प्रो. सोमनाथ

## केयू में 300 मिट्टी के कसोरे लगाने का अभियान शुरू



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की पर्यावरण संरक्षण संबंधी दूरदर्शी सोच और कुशल मार्गदर्शन में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए. आर. चौधरी ने विश्वविद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए 300 मिट्टी के कसोरे (सकोरे) लगाने एवं वितरित करने के विशेष अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रकृति और जीव-जंतुओं के संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करना एक छोटा लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण मानवीय प्रयास है, जो जीवों के प्रति हमारी करुणा और जिम्मेदारी को दर्शाता है। प्रो. ए. आर. चौधरी ने कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की प्रेरणादायी सोच का उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय परिवार तथा आम नागरिकों से अपने घरों, छतों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने की अपील की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रो. ए. आर. चौधरी एवं उनकी टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का प्रेरणादायी उदाहरण बताया। इस अवसर पर हरपाल सिंह सहायक, प्रवीण कुमार लिपिक, योगेश कुमार लिपिक तथा प्रदीप कुमार सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## धर्म- कर्म

## सेवादारों और श्रद्धालुओं ने अपने मोबाइल में कैद किया नजारा

लोगों को नाग के आने की सूचना मिली तो भारी भीड़ मंदिर में उमड़ गई

# संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में शिवलिंग पर लिपटा मिला नाग, दर्शनों के लिए लगी श्रद्धालुओं की होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में सोमवार सुबह अद्भुत नजारा देखने को मिला। मंदिर में स्थित शिवलिंग पर अचानक एक नाग आकर लिपट गया। बाद में भीड़ बढ़ती देख नाग वहां से निकलकर पीछे खेतों की ओर चला गया। ये पूरा नजारा मंदिर के सेवादारों और श्रद्धालुओं ने अपने मोबाइल में कैद किया। सेवादल से प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि रात को भगवान शिव को वस्त्र ओढ़ाकर प्रतिदिन विश्राम दिया जाता है। सुबह आरती करने के बाद मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाते हैं। सोमवार सुबह जब पुजारी और सेवादार लगभग साढ़े 3 बजे गर्भ ग्रह के कपाट खोलने पहुंचे तो भगवान को ओढ़ाए गए कंबल में हलचल दिखी। पास गए तो नीचे से फुंकारने की आवाज आई। इसके बाद सेवादारों ने सावधानी से पाइप से कंबल हटाया तो देखा की शिवलिंग से एक काले रंग का सांप फन फैलाए लिपटा हुआ है। जो तेजी से फुंकार रहा है। सेवादारों ने सुरक्षा को देखते हुए तुरंत बाहर से गेट बंद कर दिया ताकि सुबह जल्दी आने वाला कोई श्रद्धालु मंदिर में प्रवेश ना कर जाए। इसके बाद मंदिर प्रशासन को सूचना दी गई तो सेवादल प्रबंधक भूषण गौतम मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद नाग सीढ़ियां घिसटते हुए बाहर निकल गया और खेतों की तरफ चला गया। जैसे ही लोगों को नाग के आने की सूचना मिली तो भारी भीड़ मंदिर में उमड़ गई।



### हर साल आते हैं नाग

मंदिर सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि नाग अक्सर शिवलिंग पर आते रहते हैं। लेकिन इनके आने को कोई दिन या समय निश्चित नहीं है। इतने सालों में एक बार भी ऐसा नहीं हुआ कि नाग ने किसी श्रद्धालु को नुक्सान पहुंचाने की कोशिश की हो।

### स्वंय प्रकट हुए थे यहां भगवान शिव

मंदिर की इतिहास पुस्तिका के मुताबिक यहां भगवान शिव स्वंय लिंग रूप में प्रकट हुए थे, जो स्वंय भू लिंग के रूप में मुख्य मंदिर में आज भी विराजमान हैं। यहां पुराने समय में महात्मा गणेश गिरि अपने शिष्यों सहित रहते थे। एक दिन वह झाड़ियों की तरफ घूम रहे थे। वहां उन्हें घास के बीच एक दीमक का ढेर दिखाई दिया। जब उन्होंने अपने चिमटे से इस ढ़ेर को कुरेद कर देखा तो उनकी चिमटा किसी ठोस चीज से टकराया। जब उन्होंने दीमक को हटा कर देखा तो उन्हें यहां बड़ा सुंदर और तेजस्वी शिवलिंग दिखाई दिया। उन्होंने सोचा कि क्यों न इस शिवलिंग को यहां से उखाड़कर किसी साफ स्थान पर स्थापित कर दिया जाए। उन्हें खुदाई करते करते सांय हो गई। लेकिन शिवलिंग का अंतिम छोर नहीं मिला। थककर वे रात को सो गए। रात को उनके स्वप्न में भगवान शिव आए और उन्हें प्रेरणा दी कि वे इस शिवलिंग को यहां से हटने का प्रयास न करें। बल्कि इसी स्थान पर मंदिर का निर्माण करें। सुबह जब वे उसी स्थान पर पहुंचे तो देखा कि एक बड़ा काला सर्प शिवलिंग से लिपटा हुआ है। तब उन्होंने भगवान शिव से क्षमा मांगी और यहां मंदिर बनवाने का संकल्प लिया। 1942 से कुछ समय पूर्व यहां के तत्कालीन सचिव महंत गिरधर नारायाण गिरि ने यहां की दशा सुधारने का बीड़ा उठाया। भगवान शिव की कृपा से तत्कालीन सचिव की मांग पर संस्था ने यहां मंदिर बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी। 1946 ई. में यहां महंत गिरधर नारायण पुरी व बाबा शरण पुरी के प्रयास से एक लाख की लागत से मंदिर व डेरे का निमार्ण पूरा हुआ।

### यहां रक्त प्रवाह से मुक्त हुई थी सरस्वती

यह तीर्थ अरुणा व सरस्वती के संगम पर स्थित है। पुराणों के अनुसार महर्षि वशिष्ठ और विश्वामित्र ऋषि में एक दूसरे से अधिक तपोबल हासिल करने की होड़ लगी हुई थी। तब विश्वामित्र ने सरस्वती को छल से महर्षि वशिष्ठ को अपने आश्रम तक लाने की बात कही, ताकि वे महर्षि वशिष्ठ को समाप्त कर सकें। श्राप के डर से सरस्वती तेज बहाव के साथ सरस्वती महर्षि वशिष्ठ को विश्वामित्र आश्रम के द्वार तक ले आई। लेकिन जब विश्वामित्र महर्षि वशिष्ठ की ओर बढने लगे तो सरस्वती महर्षि वशिष्ठ को पूर्व की ओर बहा कर ले गई। इससे विश्वामित्र क्रोधित हो गए और सरस्वती को खून से भरकर बहने का श्राप दे दिया। खून का बहाव शुरू होने पर सरस्वती के किनारे राक्षसों ने डेरा डाल लिया। महर्षि वशिष्ठ ने सरस्वती को यहां प्रकट हुए शिवलिंग की अराधना करने को कहा। सरस्वती ने इसी तीर्थ पर शिव की अराधना की तो भगवान शिव ने उसे विश्वामित्र के श्राप से मुक्त करके फिर से जलधारा से भर दिया।

## खबर संक्षेप

### डीसी ने समस्याओं का हल करने के दिए निर्देश

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर आयोजित करने का उदेश्य आम नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना है। सभी विभाग आपसी-समन्वय बनाकर लोगों की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी समाधान करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त अपने कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे। उपायुक्त ने शिविर में पहुचे प्रार्थियों की समस्याओं को क्रमवार सुनते संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### योग शिविर में 200 लोगों ने लिया भाग

**अंबाला।** विश्व योग दिवस के अवसर परभारतीय योग संस्थान, क्रीड़ा भारती एवं ग्रेट गुड मॉर्निंग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में गत दिवस वाटिका सिटी सेंट्रल में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक पवन गर्ग रहे। अर्बन ईकाई के प्रधान पवन सिंगला और उनकी टीम ने शिविर में क्रीड़ा भारती की ओर से दीपक तथा ग्रेट गुड मॉर्निंग क्लब की ओर से अनिल गोयल की विशेष सहभागिता रही। योग शिविर में लगभग 200 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### पंचायत भवन में पच्चीस को लगेगा शिविर

**अंबाला।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव विजय लक्ष्मी में बताया कि सोसायटी एवं एलिमको के सहयोग से दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने हेतू निरीक्षण/मापतोल शिविर का आयोजन 25 को सुबह 9 बजे पंचायत भवन अंबाला शहर में किया जाएगा।
उन्होनें बताया कि इस शिविर में ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन, कृत्रिम अंग व अन्य सहायक उपकरणों को वितरित किया जाएगा। सभी पात्र दिव्यांगजन अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में अवश्य पहुंचे।

### एन्यूमरेशन फार्म वितरित का कार्य जारी

**अंबाला।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया हुआ है। इस कार्यक्रम के दृष्टिगत मतदाताओं को बीएलओ घर-घर जाकर सम्बन्धित मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म वितरित करने का कार्य कर रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि बीएलओ फार्म को मतदाता के घर देना सुनिश्चित कर रहे हैं।

### पशु चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** भैंस चोरी के मामले में एक शातिर आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई भैंस भी बरामद कर ली है। पकड़े गए आरोपी की पहचान बुरहान वासी गांव दुमजेद्दा, थाना चिलकाना, जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। आरोपी को 5 दिन के रिमांड पर लिया गया है। 27 अप्रैल 2026 की सुबह गांव दुराना के रहने वाले राहुल कुमार के भैंसों के घर का ताला तोड़कर त चोरों ने भैंस चोरी कर ली थी।

## जिले में 200 जर्जर भवन चिह्नित

# सात दिन के भीतर भवनों को ढहाने के दिए आदेश

**निगम ने कर्मचारियों को भेजकर जर्जर भवनों को खाली करने की मुनादी करवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के सब्जी मंडी में जर्जर भवन ढहने के बाद अब नगर निगम ऐसे भवनों के मालिकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर रहा है। निगम की ओर से ऐसे 200 भवनों को चिह्नित किया गया जोकि पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं। इससे पहले शुक्रवार को नगर निगम ने कर्मचारियों को सब्जी मंडी क्षेत्र में भेजकर जर्जर भवनों को खाली करने की मुनादी करवा दी। जर्जर भवनों के मालिकों को एक सप्ताह का समय दिया गया है कि या तो वह अपने जर्जर भवन को खुद गिरा लेंगे। अगर खुद नहीं तोड़ा तो नगर निगम जेसीबी से तोड़ने की कार्रवाई करेगा। इस फैसले के बाद जर्जर भवन के मालिकों में हड़कंप मच गया है। अभी तक नगर निगम विभाग के पास नगर निकायों में जर्जर भवनों का आंकड़ा नहीं है। अंबाला शहर में सब्जी मंडी में हुए हादसे के बाद अब नगर निगम व अन्य निकायों ने ऐसे भवनों को खोजना शुरू कर दिया है। एक आंकड़े के अनुसार जिला में 200 से अधिक जर्जर भवन हैं। इन भवनों में से कईयों के पास तो विभाग की तरफ से कोई नोटिस भी नहीं पहुंचा। तीन रोज पहले सब्जी मंडी में जहां पर हादसा हुआ वहां कई और भवन जर्जर अवस्था में हैं। इन भवनों को सब्जी विक्रेताओं को किराए पर दिया गया था। सब्जी विक्रेता इनमें रात्रि को अपना सामान रखा करते थे। जब सब्जी मंडी निर्धारित स्थान पर लगाने की मुनादी कराई गई तो सब्जी विक्रेताओं को रोष पैदा हो गया। दरअसल वे वह कई साल से यहां रेहड़ी लगाकर कारोबार कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि नगर निगम उन्हें जगह दिलाए।



### घायलों की हालत खतरे से बाहर

बता दें कि तीन दिन पहले ही सब्जी मंडी में अचानक एक जर्जर भवन ढहने से उसके मलबे के नीचे दबने से दो लोग जख्मी हो गए थे। मलबे में दबकर जख्मी हुए लोग काफी समय से यहां सब्जी बेचने का कारोबार कर रहे थे। हालांकि भवन जर्जर होने के बावजूद किसी ने उसकी रिपेयर नहीं करवाई थी। इसी वजह से भवन अचानक ढह गया। जख्मी हुए लोगों की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# मतदाता सूची का शुद्ध होना आवश्यक

- एसआईआर अभियान को लेकर विधायक ने कार्यकर्ताओं को दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

कांग्रेस विधायक पूजा ने सोमवार को बीएलए-2 कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर अपने-अपने बूथों पर सभी मतदाताओं के नामों का सत्यापन कराने का आह्वान किया। विधायक पूजा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्ध और अद्यतन होना अत्यंत आवश्यक है।



बराड़ा। कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देते विधायक पूजा। *फोटो: हरिभूमि*

### बीएलए-2 पार्टी की रीढ़

उन्होंने बीएलए-2 कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करने तथा पात्र नागरिकों के नाम सूची में शामिल करवाने और अपात्र नामों को हटवाने की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और बीएलए-2 कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से ही संगठन की नीतियों और विचारों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है।

# दुकानदार का ब्लैकमेल करने वाली महिला के खिलाफ मामला दर्ज, गिरफ्तारी नहीं

- महिला पर 6.5 लाख ऐंठने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

कच्चा बाजार क्षेत्र में हनीट्रैप व ब्लैक मेलिंग के मामले में अभी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। मिठाई बेचने वाले दुकानदार ने शालीमार बाग में रहने वाली एक शादीशुदा महिला पर करीब 6.5 लाख रुपये ऐंठने का आरोप लगाया था। दुकानदार की शिकायत पर महेश नगर थाना पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ जबरन वसूली की धारा के तहत केस दर्ज किया है। दुकानदार का आरोप है कि उसकी चमेली पुल के पास पूरी-कचौड़ी की दुकान है। दुकान पर आर्डर देने के बहाने शालीमार बाग की महिला ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। इसके बाद महिला ने फोन पर उससे नजदीकियां बढ़ानी शुरू कर दीं थी। फरवरी 2026 में महिला ने उसे शालीमार बाग स्थित अपने घर बुलाया। यहा उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद सिविल वर्दी में आए पुलिसकर्मी उसे चौकी ले गए। यहां बदनामी के डर से भाई और दोस्तों से पैसों का इंतजाम कर उसने चौकी में ही महिला को 4 लाख रुपये नकद दे दिए। तब महिला ने लिखित समझौता किया कि वह आगे परेशान नहीं करेगी। पीड़ित का आरोप है कि समझौते के बाद भी आरोपी महिला की परेशान करना बंद नहीं किया। मई महीने में उसने उसके बड़े भाई को फोन कर 2 लाख रुपये की मांग की। भाई ने 50 हजार नकद और 1 लाख 30 हजार रुपये ऑनलाइन महिला के खाते में भेज दिए।




### मैं शायर तो नहीं गीत पर झूमे दर्शक एक शाम सुरों के नाम में गायकों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

**अंबाला।** गुदगुदी जंक्शन समूह की देर सांय तक संगीतमयी कार्यक्रम /"एक शाम-सुरों के नाम/"...आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अंबाला शाखा के गायकों और कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही लूटी। सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारी बलजीत चावला ने बताया कि विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस भव्य संगीतमयी कार्यक्रम में अंबाला,करनाल व हिसार मंडल के 29 गायकों ने सदाबहार गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांधा। म्यूजिकल ग्रुप /"गाता रहे मेरा दिल/" के इंचार्ज सुनील भटनागर ने दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। कार्यक्रम में ललित वर्मा ने /"डम डम डिगा डिगा/"...,सुरेश कुमार ने /"बदन पे सितारे लपेटे हुए/"...,उमेश बिरला ने /"हमें और जीने की चाहत न होती/"....,पवन कुमार ने /"मैं शायर तो नहीं/"....और राजीव यादव ने /"ये रेशमी जुल्फें/"...आदि पुराने फिल्मी गीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

# दो गांव में काटे एक दर्जन कनेक्शन

- जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से निरंतर चल रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

भीषण गर्मी के मद्देनजर प्रत्येक घर तक पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने ब्लॉक के गांव भारापुर एवं मंगलोर में विशेष अभियान चलाया। विभाग द्वारा गांवों में बड़े प्लॉटों तथा अन्य स्थानों पर लगे पेयजल कनेक्शनों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ लोगों द्वारा घरेलू पेयजल आपूर्ति का उपयोग प्लॉटों में बागवानी एवं फसल उगाने के लिए किया जा रहा था, जिससे गांव के अन्य घरों तक पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। इस पर विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए ऐसे अवैध एवं अनधिकृत कनेक्शनों को मौके पर ही काट दिया तथा संबंधित लोगों को भविष्य में पेयजल का दुरुपयोग न करने की चेतावनी दी। एसडीओ अंकुश सहगल ने बताया कि विभाग को शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि कुछ घरों में पेयजल की आपूर्ति काफी देर से पहुंच रही है।



शहजादपुर। अवैध कनेक्शन काटते कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

## हेरोइन तस्करी में नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार, स्टडी वीजा पर आया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

ऑपरेशन मैदान 2.0 के तहत एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने दिल्ली में छिपे नाइजीरियाई नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। नाइजीरिया के आईएमओ स्टेट के मबाचा इकेचुकु डेविड भारत में स्टडी वीजा की आड़ में हेरोइन सप्लाई का बड़ा गैंग चला रहा था। पुलिस के अनुसार दो दिन पहले टीम ने नाकाबंदी के दौरान कुरुक्षेत्र के सुरिंदर व उसकी एक महिला साथी को बाइक सहित 55 ग्राम हेरोइन की खेप लाते काबू किया था। दोनों आरोपी दिल्ली से नशा खरीदकर अंबाला और आस-पास के जिलों में सप्लाई करने लगे रहे थे। एएनसी प्रभारी निरीक्षक ऋषिपाल ने बताया कि सूचनाओं की मदद से दिल्ली के संभावित ठिकानों पर जाल बिछाकर आरोपी को काबू किया। शुरुआती जांच में पुलिस के सामने चौकाने वाला खुलासा हुआ है।



तस्करी में पकड़ा गया विदेशी युवक।

# योग संतुलित जीवन जीने की कला

- योग का जीवन का अभिन्न अंग बनाएं विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर-2 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग, भाषण, चित्रकला एवं ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ योगाभ्यास से हुआ जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रियांशु योग कोच की देखरेख में विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। विद्यार्थियों ने योग के महत्व पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए तथा योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने योग, स्वास्थ्य एवं भारतीय संस्कृति से संबंधित सुंदर चित्र बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



अंबाला। योग करते स्कूली छात्र। *फोटो: हरिभूमि*


### नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया

प्राचार्य हरिंद्र सिंह लांबा ने अपने संदेश में कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की कला है। उप-प्राचार्य मनीष सेमवाल तथा मुख्याध्यापक अनिल कुमार ने भी विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया।

### जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की सूचनाएं लीक

**अंबाला।** सोशल मीडिया पर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की सूचनाएं लीक करने के मामले में अब विभागीय अधिकारियों ने बेहद गंभीरता दिखाई है। विभाग के महानिदेशक केएम पांडूरंग ने पूरे मामले की जांच के लिए एक स्पेशल जांच कमेटी गठित की है। यह कमेटी जांच के दौरान विभागीय की सूचनाएं लीक करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों का पता लगाएगी। अगर मामले की गंभीरता से जांच हुई तो इसमें कई विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दरअसल अंबाला शहर के सेक्टर 7 के रहने वाले नीरज चोपड़ा ने विभाग के महानिदेशक एक शिकायत भेजकर उसने कहा था कि उसने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अपने आवेदन पत्र की एडवांस कॉपी सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त निदेशक कार्यालय से ईमेल के जरिए 28 फरवरी 2026 को सुबह 9.42 पर भेजी थी। किसी विभागीय अधिकारी या फिर कर्मचारी ने उसके आवेदन की कॉपी को कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर लीक कर दिया था।

# योग को अपनाने का आह्वान



अंबाला। योग कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले स्कूली छात्र। *फोटो: हरिभूमि*

- कार्यक्रम में छात्रों ने दिखाया उत्साह जीवन का अंग बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल के छात्रों ने राजीव गांधी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बहुत उत्साह के साथ हिस्सेदारी की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने में योग के महत्व को उजागर करना था। छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने पूरे दिल से इसमें हिस्सा लिया और बड़े उत्साह, अनुशासन और लगन के साथ कई तरह के योगासन किए। प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के प्रेरणादायक संदेश ध्यान से सुने। उन्होंने सर्वांगीण स्वास्थ्य और कल्याण को पाने में योग की भूमिका पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने सक्रिय और अनुशासित भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम के समापन पर जलपान वितरित किया गया। इस आयोजन ने छात्रों के बीच स्वास्थ्य, सजगता (माइंडफुलनेस) और सर्वांगीण विकास के मूल्यों को सफलतापूर्वक बढ़ावा दिया। प्रबंधक समिति के माननीय सदस्यों प्रधान रजत जैन, उपाध्यक्ष डॉ. विनीत जैन, सचिव हितेश जैन, मैनेजर रितेश जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन, सलाहकार रविकांत जैन और प्राचार्या डॉ. रेनू गहलावत ने प्रतिभागियों की सराहना की।

### स्क्रैप से भरा ट्रक लूटने व ड्राइवर को बंधक बनाने वाले गिरोह के पांच आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** हाइवे पर लूटपाट करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने स्क्रैप लूटने, ड्राइवर के हाथ-पैर बांधकर उसे बंधक बनाने और झाड़ियों में फेंककर फरार होने के मामले में मुख्य 5 आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। डीएसपी क्राइम वीरेंद्र सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए यह जानकारी दी। 12 जून को यूपी के शामली के रहने वाले अकरम राणा ने थाना अंबाला सदर में शिकायत दर्ज कराई थी। उसके अनुसार 10 जून 2026 को देवी नगर के पास गाड़ी सवार कुछ बदमाशों ने उसे बंधक बना लिया। उसके मुंह, हाथ और पैर बांधकर पंजाब क्षेत्र की झाड़ियों में फेंक दिया और उसका स्क्रैप से भरा ट्रक लूटकर फरार हो गए। इस शिकायत पर तुरंत मामला दर्ज कर तफ्तीश की जिम्मेदारी सीआईए-1 को सौंपी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गिरोह के 5 आरोपियों को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा हुआ स्क्रैप से भरा ट्रक, और वारदात में इस्तेमाल की गई महिंद्रा गाड़ी सफलतापूर्वक बरामद कर ली है

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**कार्यक्रम** | महारास का श्रवण और मनन मनुष्य को सांसारिक बंधनों से करती है मुक्त

# डॉ. स्वामी अनुभवानंद गिरि महाराज बोले: भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं देती हैं हमें प्रेम, सेवा, त्याग और समर्पण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के मथुरा नगरी स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रद्धालुओं ने भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की त्रिवेणी का अनुपम संगम देखा। कथा व्यास परम पूज्य डॉ. स्वामी अनुभवानंद गिरि महाराज वेदांताचार्य ने श्रीमद्भागवत के अत्यंत महत्वपूर्ण प्रसंगों उद्धव चरित्र, महारास तथा रुक्मिणी मंगल का भावपूर्ण एवं आध्यात्मिक विवेचन करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को जीवन के गूढ़ रहस्यों से अवगत कराया। कथा के आरंभ में डॉ. स्वामी अनुभवानंद गिरि ने उद्धव चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने परम सखा एवं विद्वान भक्त उद्धव को वृन्दावन भेजा था।



अंबाला। कथावाचक डॉ. स्वामी अनुभवानंद गिरि बच्चे को सम्मानित करते हुए।

### आनंद की अनुभूति

इसके पश्चात कथा व्यास ने महारास के दिव्य प्रसंग का वर्णन करते कहा कि महारास दो शरीरों का मिलन नहीं बल्कि जीव और परमात्मा के मिलन का आध्यात्मिक प्रतीक है। भगवान श्रीकृष्ण ने प्रत्येक गोपी के साथ उपस्थित होकर यह संदेश दिया कि परमात्मा अपने प्रत्येक भक्त के हृदय में विद्यमान है। उन्होंने कहा कि महा रास का वास्तविक अर्थ आत्मा का परमात्मा में पूर्ण समर्पण है। जिस हृदय में अहंकार, द्वेष और स्वार्थ समाप्त हो जाते हैं, वहां भगवान का वास होता है। महारास का श्रवण और मनन मनुष्य को सांसारिक बंधनों से मुक्त कर परम आनंद की अनुभूति कराता है।

### रुक्मिणी ने पत्र लिखकर व्यथा व्यक्त की

कथा के अंतिम चरण में रुक्मिणी मंगल का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया गया। डॉ. स्वामी अनुभवानंद गिरि ने बताया कि विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण को अपना पति मान चुकी थीं। जब उनके भाई ने उनका विवाह शिशुपाल से करने का निर्णय लिया तो रुक्मिणी ने भगवान श्रीकृष्ण को पत्र लिखकर अपनी व्यथा व्यक्त की। भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी की प्रार्थना स्वीकार करते हुए उनका हरण कर उनसे विवाह किया। यह प्रसंग दर्शाता है कि सच्चे मन से की गई प्रार्थना कभी व्यर्थ नहीं जाती और भगवान अपने भक्तों की पुकार अवश्य सुनते हैं। कथा के दौरान भजनों और संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर डॉ. स्वामी अनुभवानंद गिरि महाराज ने कथा के दौरान जिन नन्हें बच्चों ने वामन व भगवान कृष्ण का रूप धारण किया उन्हें मंदिर कमेटी के कर कमलों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कथा का समापन मंगलवार को सांय काल के सत्र में होगा तत्पश्चात भजन संध्या का भी आयोजन किया गया है जिसमें भजन गायक विवेक सबलोक गोविंद श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल अपनी प्रस्तुति देंगे। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन भी किया गया है।